INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 7 Hindi 3rd Lang.	Department: Hindi	Date: May, 2026
Question bank, Grammar & writing	Topic: एक बूँद (कविता)	Please complete your work & File in portfolio

प्रश्नोतर

अति लघूत्तरीय प्रश्न-

क. बूँद कहाँ से निकली थी ?

उत्तर : बूँद बादलों की गोद से निकली थी ।

ख. बूँद उदास क्यों थी ?

उत्तर : बूँद को बादलों की गोद से निलना पड़ा था, इसलिए वह उदास थी ।

ग. समुद्र में किसका मुँह खुला था ?

उत्तर : समुद्र में एक सुंदर सीप का मुँह खुला था ।

घ. बूँद सीप में गिरकर क्या बनी ?

उत्तर : बूँद सीप में गिरकर मोती बनी ।

ङ. "एक बूँद" कविता के कवि का नाम क्या है ?

उत्तर : "एक बूँद" कविता के कवि का नाम अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' है ।

लघूत्तरीय प्रश्न :

क. बूँद को किन-किन बातों का डर था ?

उत्तर : बूँद को डर था कि वह धूल में मिलकर समाप्त हो जाएगी या अंगारे पर गिरकर जल जाएगी या फिर किसी कमल के फूल में चू पड़ेगी ।

ख. बूँद पर हवा के वेग का क्या प्रभाव पड़ा ?

उत्तर : उस समय एक ऐसी हवा चली कि बूँद उस हवा के वेग से स्वयं अनमनी समुंदर की ओर आई और एक सीप के मुँह में गिरकर मोती बन गई ।

ग. 'लोग यों ही हैं झिझकते, सोचते,' पंक्ति का क्या अर्थ है ?

उत्तर : इस पंक्ति का अर्थ यह है कि लक्ष्य तक पहुँचने से पहले लोगों के मन में तरह-तरह के विचार आते रहते हैं वे अपने भविष्य को लेकर चिंता करते हैं ।

घ. बूँद का अंतिम रूप क्या था ? यह परिवर्तन क्या दर्शाता है ?

उत्तर : बूँद का अंतिम रूप बहुत सुंदर था । यह परिवर्तन यह दर्शाता है कि लोग बेकार चिंता करते हैं । हमें परिवर्तन से घबराना नहीं चाहिए । चिंता छोड़कर उन्हें अपना कर्म करते रहना चाहिए ।

ङ. एक बूँद कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

उत्तर : एक बूँद कविता से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि जीवन में सफलता पाने के लिए आगे बढ़ते रहना चाहिए । चिंता छोड़कर अपना कर्म करते रहने से ही हमें सफलता मिलती है ।

व्याकरण:

1. अनुस्वार अथवा अनुनासिक का प्रयोग कर शब्दों को पुन: लिखिए :

क. बूद	-	बूँद
ख. समुदर	-	समुंदर
ग. मिलूगी	-	मिलूँगी
घ. मुह	-	मुँह
ङ. सुदर	-	सुंदर
च. कितु	-	किंतु

2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

क. कमल -	जलज, पंकज
ख. हवा -	समीर , वायु
ग. फूल -	कुसुम , पुष्प
घ. घर -	भवन , सदन

3. दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी लिखिए :

क. पर -	पंख, लेकिन
ख. देव -	ईश्वर, भाग्य
ग. काल -	समय, समय

शब्दार्थ (Word Meaning) Page No. 46 से , Question 2 (MCQ) तथा Question 3 (मिलान कीजिए) Page No. 47 से

(भाषा की बात): 1,2 and 3 Page No. 48

विज्ञापन – टूथ पेस्ट,

अनुच्छेद – मेरा घर

अनुच्छेद – मेरा घर

मेरा घर बहुत सुंदर और प्यारा है। मेरा घर एक शांत जगह पर है। इसमें चार कमरे, एक रसोईघर, एक बैठक और एक छोटा सा बगीचा है। मेरे घर के सामने फूलों के पौधे लगे हैं, जो घर को सुंदर बनाते हैं। मैं अपने परिवार के साथ यहाँ खुशी से रहता हूँ। मेरे घर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। शाम को हम सब मिलकर बातें करते हैं और समय बिताते हैं। मेरा कमरा मुझे सबसे अधिक पसंद है क्योंकि वहाँ मैं पढ़ाई और खेल दोनों करता हूँ। मेरा घर मेरे लिए सबसे सुरक्षित और प्रिय स्थान है।

विज्ञापन – टूथ पेस्ट

चमकदार मुस्कान का राज — सुपर फ्रेश टूथपेस्ट! 😁

क्या आपके दाँत पीले दिखते हैं?
क्या मुँह की बदबू से परेशान हैं?

अब चिंता छोड़िए!
नई सुपर फ्रेश टूथपेस्ट लाएँ — जो दे दाँतों को चमक और साँसों को ताजगी।
✅ दाँतों की पूरी सुरक्षा ✅ ताज़ी साँस पूरे दिन

✅ मसूड़ों को मज़बूती ✅ हर सुबह चमकती मुस्कान

डॉक्टरों द्वारा पसंद किया गया टूथपेस्ट।
आज ही अपनाइए और हर दिन मुस्कुराइए!

100 ग्राम ट्यूब का मूल्य केवल 1 रियाल । एक टूथपेस्ट के साथ एक ब्रश मुफ्त

जल्दी कीजिए ! कहीं मौका छूट न जाय ।

सुपर फ्रेश टूथपेस्ट — मुस्कान ऐसी, सब देखें दोबारा! 😊

Email – www---------------, Mobile No. ---------------